देश का डिस्टिलरी हब बन रहा यूपी

25 हजार करोड़ के निवेश का रास्ता साफ, 500 दिग्गज ब्रांड ने कराया पंजीकरण

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में डिस्टिलरी और बीयर प्लांट के लिए दुनिया की बड़ी कंपनियों की एंट्री हो चुकी है। 25 हजार करोड़ के रिकॉर्ड निवेश का रास्ता साफ है जो जल्द ही 30 हजार करोड़ रुपये हो जाएगा। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि नई आबकारी नीति के साथ यूपी आने वाले दिनों में एथेनॉल के साथ बीयर, वाइन व शराब उत्पादन व निर्यात में नंबर वन राज्य होगा। इस रुझान को इसी से समझा जा सकता है कि तीन वर्ष में 500 से ज्यादा बड़े ब्रांड ने यूपी में पंजीकरण कराया है।

उन्होंने बताया कि राज्य देश में डिस्टिलरी हब के रूप में उभर रहा है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन और भूमि पूजन समारोह के जरिये प्रदेश में डिस्टिलरी की संख्या में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों से आकर्षित दिग्गज कंपनियों ने महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों पर यूपी को तरजीह दी है और यहां निवेश कर रही हैं। फोकस इस बात का है कि प्रदेश को शराब का निर्यातक राज्य बनाया जाए।

प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार के मुताबिक औद्योगिक नीतियों का असर है कि बीयर ब्रांड बडवाइजर की निर्माता कंपनी एबी इनबेव (एन्हेसर-बुश इनबेव) ने यूपी में नए डिस्टलरी प्लांट के लिए एक हजार करोड़ रुपये का निवेश करने का समझौता किया है। दिग्गज अंतर्राष्ट्रीय बीयर हेनेकेन ने राज्य में एक डिस्टिलरी प्लांट लगाने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश की इच्छा जताई है।

शराब-बियर के निर्यात में नंबर वन बनाने की तैयारी, छोटे जिलों में भी हजारों का निवेश

शराब निर्यात में नंबर तीन यूपी

शराब निर्यात में देश के 10 प्रमुख राज्यों में यूपी पांचवें से तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। आंध्र प्रदेश और गोवा पीछे छूट गए हैं। 25 हजार करोड़ का निवेश हुआ है। इससे 80 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। अल्कोहल और शराब उत्पादन दोगुने से अधिक हुआ है।

लगातार बढ़ रहा शराब से राजस्व

वित्त वर्ष	राजस्व (करोड़ में)
2022-23	41,250
2023-24	47,600
अनुमान	
2024-25	52,000
2025-26	60,000

पूर्वांचल के साथ बुंदेलखंड में भी आ रहीं बड़ी कंपनियां

आबकारी मंत्री के मुताबिक बड़ी कंपनियों ने पश्चिमी यूपी के अलावा पूर्वांचल में भी निवेश किया है। कई कंपनियों को बुंदेलखंड में आमंत्रित किया गया है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में करीब 12 सौ करोड़ रुपये निवेश केयान डिस्टिलरीज ने किया है। यहां 80 एकड़ जमीन पर ग्रेन बेस्ड एथेनाल प्लांट लगेगा। डिस्टिलरी भी लगाई जाएगी। भूमि पूजन समारोह में करीब 20 हजार करोड़ के निवेश से लगने वाले 13 डिस्टिलरी प्लांट में से अधिकांश छोटे शहरों में हैं। टॉप 10 प्रोजेक्ट में बरेली में दो, शाहजहांपुर में दो, देवरिया, अमरोहा, रामपुर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर और सीतापुर में एक-एक डिस्टिलरी प्लांट लग रहे हैं।